बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
(अभियंत्रण कोषांग)
विकास भवन, नया सचिवालय,
बिहार, पटना।

## दिनांक 18/04/26 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

Construction of State of Art Wholesale Fish Market At Bhusaula Pokhar Behind AIIMS, Fulwari, Patna (Tender Id- 119190) के पुनर्निविदा के निष्पादन हेतु वित्तीय बीड एवं परिवाद के संदर्भ में विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री शीर्षत कपिल अशोक, सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
(ii) निदेशक (मत्स्य), मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना।
(iii) श्री ब्रज कुमार ओझा, मुख्य अभियंता, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री रामा नन्द महतो, अधीक्षण अभियंता, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
(v) श्री शैलेश कुमार, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

2. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, (अभियंत्रण कोषांग), बिहार, पटना के ज्ञापांक–53, दिनांक–27.01.2026 से तकनीकी समिति के द्वारा लिए गये निर्णय के आलोक में मुख्य अभियंता के माध्यम से प्राप्त विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of State of Art Wholesale Fish Market At Bhusaula Pokhar Behind AIIMS, Fulwari, Patna (Tender Id- 119190) |
| 2.2 | परिक्षेत्र का नाम | : | पटना। |
| 2.3 | मूल प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | रू 1885.60 लाख/– विभागीय पत्रांक–1493, दिनांक–27.03.2025 में समावेशित। |
| 2.4 | निविदा की राशि | : | Rs. 18,64,50,829.00 |
| 2.5 | निविदा की प्रक्रिया (e-tender) | : | e-proc2.0 |
| 2.6 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | : | 16-12-2025 |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 15 माह |
| 2.8 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | तीन अदद् निविदाकार यथा |

(i) M/s Systematic And Advance Constrcution Private Limited
Add:-Triveni Niwas, F. No.-101,
R.K. Avenue Road, Rajendra Nagar, Patna.

(ii) M/s Birampur Construction Private Limited
Add- Flat No-205, Nilgiri Bhawan,
West Boring Canal Road, Patna,
Pin code-800001, State- Bihar.

(iii) MBL-SSL(JV) of Shashikant Singh Infratech Private Limited
Add:- 1st Floor, Veer Basawan Singh Nagar,
Bihar Vatnery College, Rukanpura, Patna-800014.
& Madan Lal Bajaj Pvt. Ltd
Add:- Dumka Road, Jamtara,
Dist-Jamtara (Jharkhand-815351).

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.9 | परिवाद की स्थिति | : | हाँ (निविदाकार M/s Systematic And Advance Constrcution Private Limited and M/s Birampur Construction Private Limited से परिवाद प्राप्त हुआ है) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | हाँ। (प्रथम बार NIT No-SBD/22/2025-26 दिनांक–12.09.2025 से आमंत्रित निविदा में प्राप्त बीड्स के तकनीकी मूल्यांकन में एकल बीड Technically Responsive पाये जाने के कारण पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया है।) |

3. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षा:–**

विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित पुनर्निविदा में तीन अद्द निविदाकारों यथा (दो प्राईवेट कंपनियाँ एवं एक Joint Venture) द्वारा भाग लिया गया है। उनके तकनीकी बीडों के मूल्यांकन के बाद दिनांक–27.01.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में तीनों निविदाकार यथा (i) M/s Systematic And Advance Constrcution Private Limited, Add:-Triveni Niwas, F. No.-101, R.K. Avenue Road, Rajendra Nagar, Patna (ii) M/s Birampur Construction Private Limited, Add- Flat No-205, Nilgiri Bhawan, West Boring Canal Road, Patna, Pin code-800001, State- Bihar एवं (iii) MBL-SSL(JV) of Shashikant Singh Infratech Private Limited, Add:- 1st Floor, Veer Basawan Singh Nagar, Bihar Vatnery College, Rukanpura, Patna-800014. & Madan Lal Bajaj Pvt. Ltd, Add:- Dumka Road, Jamtara, Dist-Jamtara (Jharkhand-815351) के बीड्स को Technically Responsive घोषित का निर्णय किया गया और उक्त बैठक की कार्रवाई को विभागीय बेवसाईट पर Upload कर एवं e-proc2.0 portal के माध्यम से शामिल निविदाकारों को संसूचित करते हुए उनसे निर्धारित अवधि में प्रश्नगत निर्णय पर परिवाद/आपत्ति दर्ज करने का अवसर प्रदान किया गया।

निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं होने के उपरान्त दिनांक–30.01.2026 को Financial Bid खोला गया जिसमें MBL-SSL(JV) की उद्धृत दर 7.11 प्रतिशत परिमाण विपत्र से कमतर न्यूनतम पायी गयी। निविदा निष्पादन की स्थापित/प्रचलित प्रावधान के आलोक में न्यूनतम निविदाकार के बीड पर विचारण कर विभागीय निविदा समिति के स्तर पर अंतिम निर्णय हेतु भेजे जाने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन थी। परन्तु इस दरम्यान इस पुनर्निविदा में शामिल और तकनीकी रूप से सफल निविदाकारों (i) M/s Systematic And Advance Constrcution Private Limited एवं (ii) M/s Birampur Construction Private Limited के अभ्यावेदन दिनांक–02.02.2026 को प्राप्त हुए जिसमें न्यूनतम निविदाकार MBL-SSL(JV) के बीड पर निविदाकारों के eligibility Criteria एवं Guidelines के संदर्भ में निर्गत पत्र (पथ निर्माण विभाग का पत्रांक–8131 दिनांक–24.07.2012) का उल्लेख कर आपत्ति दर्ज की गई जिसमें दोनों निविदाकारों के अभ्यावेदन में आपत्ति के बिन्दु अक्षरशः एक समान है और वित्तीय बीड खोले जाने के उपरान्त L2 एवं L3 होने के बाद इनके द्वारा परिवाद दिया गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद में उद्धृत बिन्दुओं पर विचारण कर बिन्दुवार समीक्षात्मक वस्तुस्थिति निम्नवत है:–

| S.N. | परिवादी (i) M/s Systematic And Advance Constrcution Private Limited एवं (ii) M/s Birampur Construction Private Limited | | परिवादों की समीक्षात्मक मंतव्य |
|---|---|---|---|
| | RCD के पत्रांक–8131 दिनांक– 24.07.2012 द्वारा SBD आधारित निविदाओं में Joint Venture संबंधित शर्तों के उपबंध। | परिवाद के बिन्दु | |
| **1.** | कंडिका–1.8 The bank guarantee /other suitable instrument in shape of bid security shall be issued in the name of JV and pledged in favour of employer. | क्लॉज 1.8 के तहत बैंक गारंटी JV के नाम से निर्गत एवं employer के पक्ष में विधिवत रूप से प्लेज्ड होना अनिवार्य है। | SBD के ITB की कंडिका–4.4 में रूपये 10 करोड़ से अधिक प्राक्कलित राशि की निविदाओं में संवेदकों द्वारा Joint Venture के रूप में भाग लेने के लिए eligibility Criteria एवं Guidelines के संदर्भ में मार्गदर्शन प०नि०वि० के प्रश्नगत् पत्र से निर्गत किया गया है। उक्त पत्र की कंडिका में कतिपय उपकंडिकाओं का उल्लेख किया गया है जिसमें "Letter of intent to execute |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | a JV in the event of successful bidders shall be signed by all partners of JV and submitted with bid together with a copy of the proposed agreement" का प्रावधान उक्त पत्र की कंडिका–1.1.1 में वर्णित है तथा कंडिका–1.1.2 में "the JV so formed shall also have to be registered with the concerned department after issue of LOA but before the agreement" का उल्लेख है। वस्तुतः Joint Venture एक प्रकार का औपचारिक working arrangement है जिसमें दो या दो से अधिक स्वतंत्र entity अपना Legal existance यथावत रखते हुए किसी विशेष परियोजना का कार्यान्वयन हेतु निविदा प्रक्रिया में भाग लेते हैं।<br>प्रश्नगत् निविदाकार MBL-SSL(JV) के मामले में दो Pvt. Ltd. कम्पनी यथा Madan Lal Bajaj Pvt. Ltd एवं Shashikant Singh Infratech Private Limited क्रमशः 30% एवं 70% की साझेदारी है, तद्नुसार अपने हिस्सेदारी के अनुपात में BG निर्गत कराकर कुल राशि 28.65 लाख का BG bid security के रूप में जमा किया गया है जो निविदित कार्य की प्राक्कलित राशि के अनुसार requisite amount है।<br>ज्ञातव्य है कि BG निर्गत करने हेतु कोई बैंक अपने स्थापित customer के financial capacity के आलोक में BG निर्गत करता है। Joint Venture का औपचारिक गठन, PAN एवं Bank Account इत्यादि LOA निर्गत होने के पश्चात् agreement करने के पूर्व बाध्यकारी होता है। इस परिस्थिति में परिवाद की आपत्ति Joint Venture की मूल भावना यानि competitive bidding के साथ–साथ कार्यकारी एजेन्सी के capacity building के प्रतिकूल है।<br>किसी निविदित कार्य की प्राक्कलित राशि के आधार पर वित्तीय प्रावधान के अनुसार value of bid security ही mandatory होता है, इसीलिए e-proc2.0 के web portal पर JV निविदाकार द्वारा uploaded bid security document को स्वीकार किया गया है और online प्रणाली में उस बीड को खोला जा सका है।<br>अतएव दोनों परिवादी निविदाकारों की आपत्ति अमान्य योग्य है। |
| **2.** | कंडिका–2.2 An Affidavit though 1st class Executive Magistrate that the information furnished with the bid documents is correct | क्लॉज 2.2 के तहत प्रथम श्रेणी कार्यपालक दंडाधिकारी के समक्ष शपथ–पत्र (Affidavit) | L1 निविदाकार JV Partners (i) Madan Lal Bajaj Pvt. Ltd एवं (ii) Shashikant Singh Infratech Private Limited का शपथ–पत्र क्रमशः कार्यपालक दंडाधिकारी पटना एवं दानापुर के |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | in all respect. | जिसमें निविदा दस्तावेजों में दी गई जानकारी के सत्य एवं पूर्ण होने का प्रमाण हो, प्रस्तुत करना अनिवार्य है। | समक्ष Oath किया गया है। यह आरोप असत्य है। |

उपरोक्त समीक्षात्मक विश्लेषण से स्पष्ट है कि प्रश्नगत् पुनर्निविदा के न्यूनतम निविदाकार के विरूद्ध लगाये गये आरोप तथ्यात्मक रूप से निराधार एवं असत्य है। अतएव परिवाद के बिन्दु तथ्यात्मक रूप से अस्वीकारणीय है।

4. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से दोनों निविदाकार (i) M/s Systematic And Advance Constrcution Private Limited & (ii) M/s Birampur Construction Private Limited द्वारा दिये गये परिवाद को अमान्य घोषित किया जाता है और पुनर्निविदा के संदर्भ में दिनांक–27.01.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक द्वारा तीनों निविदाकार (i) M/s Systematic And Advance Constrcution Private Limited (ii) M/s Birampur Construction Private Limited एवं (iii) MBL-SSL(JV) को Technically Responsive घोषित किये जाने के निर्णय को पूर्ववत रखते हुए न्यूनतम निविदाकार के पक्ष में कार्य आवंटन के प्रस्ताव को विभागीय निविदा समिति के समक्ष विचारण हेतु भेजने का निर्णय लिया जाता है।

5. **विभागीय निविदा समिति का निर्णय :**

प्रश्नगत पुनर्निविदा निष्पादन के क्रम में न्यूनतम निविदाकार MBL-SSL(JV) के संदर्भ में पुनर्निविदा में शामिल और तकनीकी रूप से सफल अन्य दो निविदाकारों यथा M/s Birampur Construction Private Limited (L2) & M/s Systematic And Advance Constrcution Private Limited (L3) द्वारा समर्पित अक्षरशः एक समान परिवाद/आपत्ति के विन्दुओं पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में विभागीय निविदा समिति पर विचारण किया गया। पथ निर्माण विभाग के पत्रांक–8131 दिनांक–24.07.2012 द्वारा S.B.D. (Standard Bidding Document) आधारित 10 करोड़ से अधिक प्राक्कलित राशि की निविदाओं में Joint Venture के रूप में भाग लेने हेतु Joint Venture Partners के Eligibility Criteria एवं Guideline उपबंधों के कंडिका–1.1, 1.1.1, 1.1.2 एवं 1.8 तथा JV Agreement संबंधित Annexure-I के उप कंडिका– C में उल्लिखित प्रावधानों को आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद विन्दुओं पर समीक्षात्मक मंतब्य इस समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है।

वस्तुतः प्रश्नगत निविदाकार MBL-SSL(JV) के मामले में दो प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी Madan Lal Bajaj Pvt. Ltd एवं Shashikant Singh Infratech Private Limited क्रमशः 30% एवं 70% की साझेदारी के अनुपात में क्रमशः Rs. 8,65,000.00 Lakh तथा Rs. 20,10,000.00 Lakh यानि कुल राशि Rs. 28.65 Lakh

की Bid Security जमा किया गया है जो निविदित कार्य की प्राक्कलित राशि के अनुसार Requisite Amount है। पथ निर्माण विभाग के उक्त पत्र में वर्णित निविदा शर्त्तों के आलोक में Joint Venture के रूप में भाग लेने वाले निविदाकार के द्वारा जमा किए गए Bid Security पर तथ्यात्मक विवेचना कर मंतब्य की आवश्यकता है। फलतः विभागीय निविदा समिति द्वारा प्रश्नगत Joint Venture निविदाकार MBL-SSL(JV) के Bid Security के विन्दु पर पथ निर्माण विभाग का अभिमत प्राप्त करने का सर्वसम्मति से निर्णय किया जाता है।

5.1 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को e-proc2.0 website पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

ह०/–
(शैलेश कुमार)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

ह०/–
(रामा नन्द महतो)
अधीक्षण अभियंता,
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

ह०/–
(ब्रज कुमार ओझा)
मुख्य अभियंता,
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

ह०/–
निदेशक (मत्स्य),
मत्स्य निदेशालय
बिहार, पटना।

ह०/–
(शीर्षत कपिल अशोक)
सचिव,
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक...................... पटना–15 दिनांक–............../............/2026

**प्रतिलिपिः–** निदेशक (मत्स्य)/अधीक्षण अभियंता/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार/सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक......124...... पटना–15 दिनांक–....27..../..04../2026

**प्रतिलिपिः–** आई०टी० मैनेजर, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27/04/2026
मुख्य अभियंता।